मुख्य समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गैंगस्टर्स के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए–आगामी त्यौहारों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

- नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा–सरकार प्रदेश के 309 नगर निकायों में एक साथ चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार।

- राष्ट्र आज भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मना रहा है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। चार दिन का यह आयोजन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 11 अक्टूबर तक चलेगा। इसका विषय नवाचार से रूपांतरण रखा गया है। इस आयोजन का उद्देश्य दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में सिक्स–जी, साइबर सुरक्षा और उपग्रह संचार पर खासतौर से चर्चा होगी। सम्मेलन में सात हज़ार से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रधानमंत्री आज ही दोपहर बाद मुंबई के लिए रवाना होंगे। वे वहां नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद लगभग साढ़े तीन बजे हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा।

0000

गुजरात के सूरत में आज 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वहां के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों को राजस्थान में निवेश करने और राज्य के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित करेंगे। यह आयोजन इस साल 10 दिसम्बर को जयपुर में होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में मजबूत कानून–व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश की कानून–व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कुचामन के व्यापारी रूमेश रूलानिया की हत्या के मामले में अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर प्रदेश में सभी जगह माकूल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के क्रम में गैंगस्टर्स के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि अपराधियों के विरूद्ध पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने पड़ोसी राज्यों से जुड़े राज्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भवनों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही अपराध नियंत्रण में निजी भवनों में लगे कैमरों के उपयोग के लिए प्रभावी योजना बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस जाब्ता लगाते हुए विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि होटल, धर्मशाला जैसे स्थानों की लगातार चौकिंग की जाए, ताकि संदिग्ध व्यक्तियों को समय रहते चिन्हित किया जा सके। श्री शर्मा ने साइबर अपराध के नियंत्रण के लिए प्रभावी योजना बनाने के लिए निर्देश दिये।

00000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि सरकार प्रदेश के 309 नगर निकायों में एक साथ चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कल भीलवाड़ा प्रवास के दौरान पत्रकारों से

बातचीत में उन्होंने कहा कि नगर निकायों के सीमा विस्तार के बाद वार्डो का पुनर्गठन और पुनसीमांकन करने का काम पूरा हो गया है इनके नोटिफिकेशन भी जारी हो गए है।

......

श्री खर्रा ने कल भीलवाड़ा नगर निगम परिसर में चल रहे शहरी जन सेवा शिविर का अवलोकन भी किया और लाभार्थियों से संवाद किया।

0000

जयपुर–अजमेर हाईवे पर दूदू के पास कल रात करीब 11 बजे एक ट्रक से टक्कर के बाद एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लग गई। टक्कर के बाद एक के बाद एक गैस सिलेंडर फटने लगे। हादसे में ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया जबकि दो–तीन लोगों को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू हुआ। उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भी करीब 12 बजे घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। करीब 3 बजे आग पर काबू पाया गया। इस हादसे के कारण अजमेर राजमार्ग पर वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया जिसके कारण लंबा जाम लग गया। करीब सुबह 4 बजे बाद हाइवे पर ट्रैफिक शुरू हुआ है लेकिन अभी भी कई स्थानों पर लम्बा जाम लगा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

0000

राष्ट्र आज भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मना रहा है। वायु सेना ने वायु शक्ति के ऐसे दृष्टिकोण की शुरुआत की जिसने आने वाले दशकों में राष्ट्र की रक्षा को आकार दिया। इस अवसर पर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल ने वीडियो संदेश के माध्यम से राष्ट्र को वायु सेना दिवस की शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि वायु सेना दिवस उन वीरों को समर्पित है जिन्होंने अपने बलिदान, समर्पण और व्यावसायिकता से हमारे राष्ट्र के आकाश की रक्षा की है।

000

पाली में मानसून के बाद प्रकृति और हरियाली सहित विभिन्न प्रजातियों के जीवो को देखने के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से मारवाड़ जंक्शन.–खामली घाट वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा के संचालन को आज से अगले साल 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसे लेकर पर्यटकों में उत्साह है।

.....

000

पाली में कल से जिला स्तरीय विज्ञान मेले की शुरूआत हुई। इसका आयोजन चीमाबाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में कक्षा 6 से 12 तक के 200 से अधिक बाल वैज्ञानिक भाग ले रहे है। इन विद्यार्थियों ने सतत् कृषि,अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित उर्जा, उभरती प्रौधौगिकी और प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के विषयों पर मॉडल बनाए हैं। उधर जैसलमेर जिले के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान मेला लगाया गया। इसमें कुल 120 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार प्रस्तुत किए।

0000

बाड़मेर में आज से थार महोत्सव शुरू हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ शोभायात्रा से हुआ। महोत्सव के तहत 'रंग रेगिस्तान के' थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

...

000